# मासिक अपराध प्रतिवेदन मार्च–2012

माह मार्च 2012 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2011 के माह मार्च की तुलना में भारतीय दण्ड संहिता (भा.द.सं.) के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### (माह मार्च 2011, फरवरी 2012 एवं मार्च 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2011 | फरवरी 2012 | मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 |
| 1 | हत्या | 111 | 100 | 108 | -3 | 8 | -2.70 | 8.00 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 154 | 105 | 145 | -9 | 40 | -5.84 | 38.10 |
| 3 | डकैती | 0 | 2 | 2 | 2 | 0 | 200.00 | 0.00 |
| 4 | लूट | 57 | 56 | 50 | -7 | -6 | -12.28 | -10.71 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 245 | 244 | 243 | -2 | -1 | -0.82 | -0.41 |
| 6 | बलात्कार | 162 | 151 | 156 | -6 | 5 | -3.70 | 3.31 |
| 9 | बलवा | 77 | 41 | 70 | -7 | 29 | -9.09 | 70.73 |
| 7 | नकबजनी | 360 | 405 | 339 | -21 | -66 | -5.83 | -16.30 |
| 8 | चोरी | 1651 | 1588 | 1621 | -30 | 33 | -1.82 | 2.08 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 10670 | 9713 | 11048 | 378 | 1335 | 3.54 | 13.74 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **13487** | **12405** | **13782** | **295** | **1377** | **2.19** | **11.10** |

वर्ष 2012 में 2010 एवं 2011 की तुलना में माह मार्च में भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह मार्च)

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च ) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 299 | 303 | 313 | 14 | 10 | 4.68 | 3.30 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 347 | 380 | 348 | 1 | -32 | 0.29 | -8.42 |
| 3 | डकैती | 8 | 4 | 7 | -1 | 3 | -12.50 | 75.00 |
| 4 | लूट | 193 | 155 | 146 | -47 | -9 | -24.35 | -5.81 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 696 | 731 | 756 | 60 | 25 | 8.62 | 3.42 |
| 6 | बलात्कार | 347 | 449 | 470 | 123 | 21 | 35.45 | 4.68 |
| 7 | बलवा | 286 | 204 | 156 | -130 | -48 | -45.45 | -23.53 |
| 8 | नकबजनी | 1264 | 1208 | 1174 | -90 | -34 | -7.12 | -2.81 |
| 9 | चोरी | 5556 | 5501 | 5050 | -506 | -451 | -9.11 | -8.20 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 28821 | 30339 | 32407 | 3586 | 2068 | 12.44 | 6.82 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **37817** | **39274** | **40827** | **3010** | **1553** | **7.96** | **3.95** |

## निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2012 में माह मार्च में भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2012 (माह मार्च )**

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 313 | 27 | 24.11 | 0 | 27 | 85 | 100.00 | 201 | 64.22 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 348 | 23 | 14.20 | 1 | 24 | 138 | 99.28 | 186 | 53.45 |
| 3 | डकैती | 7 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1 | 100.00 | 6 | 85.71 |
| 4 | लूट | 146 | 4 | 6.56 | 10 | 14 | 47 | 82.46 | 85 | 58.22 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 756 | 293 | 71.46 | 5 | 298 | 112 | 95.73 | 346 | 45.77 |
| 6 | बलात्कार | 470 | 112 | 47.86 | 0 | 112 | 122 | 100.00 | 236 | 50.21 |
| 7 | बलवा | 156 | 20 | 16.13 | 1 | 21 | 103 | 99.04 | 32 | 20.51 |
| 8 | नकबजनी | 1174 | 34 | 4.78 | 419 | 453 | 258 | 38.11 | 463 | 39.44 |
| 9 | चोरी | 5050 | 204 | 5.49 | 2826 | 3030 | 689 | 19.60 | 1331 | 26.36 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 32407 | 8082 | 33.45 | 863 | 8945 | 15215 | 94.63 | 8247 | 25.45 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **40827** | **8799** | **29.63** | **4125** | **12924** | **16770** | **80.26** | **11133** | **27.27** |

- एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/अदमसबूत।

वर्ष 2011 एवं 2012 में (माह मार्च) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2011 | 2012 | 2011 | 2012 | 2011 | 2012 |
| 1 | डकैती | 0.00 | 0.00 | 100.00 | 100.00 | 80.73 | 82.85 |
| 2 | लूट | 10.67 | 6.56 | 82.09 | 82.46 | 63.09 | 73.26 |
| 3 | नकबजनी | 4.80 | 4.78 | 34.24 | 38.11 | 36.92 | 38.30 |
| 4 | चोरी | 5.55 | 5.49 | 22.04 | 19.60 | 55.32 | 56.72 |
| **5** | **योग भादसं.** | **26.85** | **29.63** | **79.05** | **80.26** | **53.87** | **56.95** |

भा.द.सं. के तहत माह मार्च 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2012 में माह मार्च में नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, जनवरी 2011 एवं मार्च 2011 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

**स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह मार्च 2011, फरवरी 2012 एवं मार्च 2012)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2011 | फरवरी 2012 | मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 883 | 1037 | 1043 | 160 | 6 | 18.12 | 0.58 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1274 | 1570 | 1400 | 126 | -170 | 9.89 | -10.83 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 432 | 460 | 474 | 42 | 14 | 9.72 | 3.04 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 169 | 99 | 108 | -61 | 9 | -36.09 | 9.09 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 30 | 39 | 40 | 10 | 1 | 33.33 | 2.56 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 16 | 25 | 27 | 11 | 2 | 68.75 | 8.00 |
| 7 | अन्य एक्ट | 2043 | 3110 | 3327 | 1284 | 217 | 62.85 | 6.98 |
| **8** | **योग** | **4847** | **6340** | **6419** | **1572** | **79** | **32.43** | **1.25** |

**स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह मार्च)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 2578 | 3878 | 3271 | 693 | -607 | 26.88 | -15.65 |
| 2 | जुआ एक्ट | 3619 | 3861 | 4621 | 1002 | 760 | 27.69 | 19.68 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 907 | 1268 | 1337 | 430 | 69 | 47.41 | 5.44 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 234 | 353 | 296 | 62 | -57 | 26.50 | -16.15 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 103 | 125 | 149 | 46 | 24 | 44.66 | 19.20 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 65 | 75 | 76 | 11 | 1 | 16.92 | 1.33 |
| 7 | अन्य एक्ट | 3592 | 5621 | 9294 | 5702 | 3673 | 158.74 | 65.34 |
| **8** | **योग** | **11098** | **15181** | **19044** | **7946** | **3863** | **71.60** | **25.45** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत मार्च 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

**निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2012 (माह मार्च)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 3271 | 0 | 0.00 | 6 | 6 | 3035 | 99.80 | 230 | 7.03 |
| 2 | जुआ एक्ट | 4621 | 1 | 0.02 | 0 | 1 | 4600 | 100.00 | 20 | 0.43 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 1337 | 1 | 0.08 | 2 | 3 | 1214 | 99.84 | 120 | 8.98 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 296 | 0 | 0.00 | 4 | 4 | 147 | 97.35 | 145 | 48.99 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 149 | 2 | 1.49 | 0 | 2 | 132 | 100.00 | 15 | 10.07 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 76 | 2 | 7.14 | 0 | 2 | 26 | 100.00 | 48 | 63.16 |
| 7 | अन्य एक्ट | 9294 | 3564 | 45.26 | 614 | 4178 | 3696 | 85.75 | 1420 | 15.28 |
| **8** | **योग एक्ट** | **19044** | **3570** | **20.94** | **626** | **4196** | **12850** | **95.35** | **1998** | **10.49** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह मार्च 2011, फरवरी 2012 एवं मार्च 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2011 | फरवरी 2012 | मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 45 | 30 | 35 | -10 | 5 | -22.22 | 16.67 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 14 | 10 | 8 | -6 | -2 | -42.86 | -20.00 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 843 | 893 | 955 | 112 | 62 | 13.29 | 6.94 |
| 4 | बलात्कार | 162 | 151 | 156 | -6 | 5 | -3.70 | 3.31 |
| 5 | छेड़छाड़ | 222 | 171 | 201 | -21 | 30 | -9.46 | 17.54 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 209 | 208 | 204 | -5 | -4 | -2.39 | -1.92 |
| 7 | अन्य | 67 | 92 | 100 | 33 | 8 | 49.25 | 8.70 |
| **8** | **कुल योग** | **1562** | **1555** | **1659** | **97** | **104** | **6.21** | **6.69** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह मार्च)

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 102 | 102 | 94 | -8 | -8 | -7.84 | -7.84 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 45 | 40 | 27 | -18 | -13 | -40.00 | -32.50 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 2190 | 2556 | 3146 | 956 | 590 | 43.65 | 23.08 |
| 4 | बलात्कार | 347 | 449 | 470 | 123 | 21 | 35.45 | 4.68 |
| 5 | छेड़छाड़ | 578 | 586 | 543 | -35 | -43 | -6.06 | -7.34 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 584 | 628 | 631 | 47 | 3 | 8.05 | 0.48 |
| 7 | अन्य | 174 | 198 | 246 | 72 | 48 | 41.38 | 24.24 |
| **8** | **कुल योग** | **4020** | **4559** | **5157** | **1137** | **598** | **28.28** | **13.12** |

- महिला अत्याचार के तहत मार्च 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2012 माह मार्च)

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 94 | 11 | 31.43 | 0 | 11 | 24 | 100.00 | 59 | 62.77 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 27 | 3 | 0.00 | 0 | 3 | 10 | 100.00 | 14 | 51.85 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 3146 | 1151 | 52.49 | 0 | 1151 | 1042 | 100.00 | 953 | 30.29 |
| 4 | बलात्कार | 470 | 112 | 47.86 | 0 | 112 | 122 | 100.00 | 236 | 50.21 |
| 5 | छेड़छाड़ | 543 | 123 | 25.63 | 0 | 123 | 357 | 100.00 | 63 | 11.60 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 631 | 254 | 75.82 | 4 | 258 | 77 | 95.06 | 296 | 46.91 |
| 7 | अन्य अभियोग | 246 | 41 | 28.47 | 2 | 43 | 101 | 98.06 | 102 | 41.46 |
| **8** | **कुल योग** | **5157** | **1695** | **49.36** | **6** | **1701** | **1733** | **99.65** | **1723** | **33.41** |

# अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, फरवरी 2012 एवं मार्च 2011 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह मार्च 2011, फरवरी 2012 एवं मार्च 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2011 | फरवरी 2012 | मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 |
| 1 | हत्या | 6 | 6 | 2 | -4 | -4 | -66.67 | -66.67 |
| 2 | गम्भीर चोट | 7 | 4 | 4 | -3 | 0 | -42.86 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 16 | 16 | 16 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 5 | 3 | 2 | -3 | -1 | -60.00 | -33.33 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 392 | 361 | 381 | -11 | 20 | -2.81 | 5.54 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 8 | 14 | 7 | -1 | -7 | -12.50 | -50.00 |
| **8** | **कुल योग** | **434** | **404** | **412** | **-22** | **8** | **-5.07** | **1.98** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह मार्च)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मार्च) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 9 | 14 | 11 | 2 | -3 | 22.22 | -21.43 |
| 2 | गम्भीर चोट | 14 | 21 | 13 | -1 | -8 | -7.14 | -38.10 |
| 3 | बलात्कार | 43 | 48 | 44 | 1 | -4 | 2.33 | -8.33 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 9 | 7 | 6 | -3 | -1 | -33.33 | -14.29 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 963 | 1093 | 1185 | 222 | 92 | 23.05 | 8.42 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 22 | 26 | 27 | 5 | 1 | 22.73 | 3.85 |
| **8** | **कुल योग** | **1060** | **1209** | **1286** | **226** | **77** | **21.32** | **6.37** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह मार्च 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण वर्ष 2012 (माह मार्च)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 11 | 2 | 50.00 | 0 | 2 | 2 | 100.00 | 7 | 63.64 |
| 2 | गम्भीर चोट | 13 | 1 | 25.00 | 0 | 1 | 3 | 100.00 | 9 | 69.23 |
| 3 | बलात्कार | 44 | 7 | 46.67 | 0 | 7 | 8 | 100.00 | 29 | 65.91 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 6 | 1 | 100.00 | 0 | 1 | 0 | 0.00 | 5 | 83.33 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 1185 | 484 | 69.94 | 1 | 485 | 207 | 99.52 | 493 | 41.60 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 27 | 14 | 93.33 | 0 | 14 | 1 | 100.00 | 12 | 44.44 |
| **8** | **कुल योग** | **1286** | **509** | **69.63** | **1** | **510** | **221** | **99.55** | **555** | **43.16** |

# अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, फरवरी 2012 एवं माह मार्च 2011 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह मार्च 2011, फरवरी 2012 एवं मार्च 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2011 | फरवरी 2012 | मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 | मार्च 2011 से मार्च 2012 | फरवरी 2012 से मार्च 2012 |
| 1 | हत्या | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0.00 | 100.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 2 | 1 | 2 | 0 | 1 | 0.00 | 100.00 |
| 3 | बलात्कार | 3 | 6 | 4 | 1 | -2 | 33.33 | -33.33 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 1 | 0 | 0 | -1 | 0.00 | -100.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 86 | 80 | 84 | -2 | 4 | -2.33 | 5.00 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 1 | 0 | 2 | 1 | 2 | 100.00 | 200.00 |
| **8** | **कुल योग** | **93** | **88** | **93** | **0** | **5** | **0.00** | **5.68** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह मार्च)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह मार्च) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 4 | 2 | 3 | -1 | 1 | -25.00 | 50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 7 | 3 | 3 | -4 | 0 | -57.14 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 6 | 10 | 14 | 8 | 4 | 133.33 | 40.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 5 | 1 | 0 | -4 | 0.00 | -80.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 248 | 288 | 294 | 46 | 6 | 18.55 | 2.08 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 2 | 5 | 5 | 3 | 0 | 150.00 | 0.00 |
| **8** | **कुल योग** | **268** | **313** | **320** | **52** | **7** | **19.40** | **2.24** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2012 (माह मार्च)

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 3 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2 | 100.00 | 1 | 33.33 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1 | 100.00 | 2 | 66.67 |
| 3 | बलात्कार | 14 | 1 | 20.00 | 0 | 1 | 4 | 100.00 | 9 | 64.29 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 1 | 100.00 | 0 | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 294 | 118 | 67.05 | 0 | 118 | 58 | 100.00 | 118 | 40.14 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 5 | 4 | 100.00 | 0 | 4 | 0 | 0.00 | 1 | 20.00 |
| **8** | **कुल योग** | **320** | **124** | **65.61** | **0** | **124** | **65** | **100.00** | **131** | **40.94** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह मार्च 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, फरवरी 2012 एवं मार्च 2011 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2011 | फरवरी 2012 | मार्च 2012 | वर्ष 2011 | वर्ष 2012 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा / बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107 / 151 द.प्र.सं. | 11676 | 9020 | 11054 | 29256 | 29143 | 72315 | 55641 | 0 | 0 | 16674 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 2063 | 1263 | 1094 | 6259 | 3918 | 4689 | 4174 | 0 | 0 | 515 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 1771 | 1677 | 1753 | 6247 | 4641 | 4641 | 3726 | 0 | 2 | 913 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 39 | 49 | 46 | 145 | 120 | 218 | 124 | 0 | 0 | 94 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 128 | 31 | 32 | 182 | 85 | 174 | 64 | 0 | 0 | 110 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 57 | 36 | 35 | 135 | 97 | 475 | 209 | 0 | 0 | 266 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 10 | 1 | 2 | 10 | 7 | 7 | 1 | 0 | 0 | 6 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 6041 | 4364 | 6266 | 17607 | 15349 | 15811 | 14198 | 0 | 0 | 1613 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2011 एवं 2012 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2011 | 224 | 148 | 76 |
| 2012 (मार्च) | 76 | 17 | 59 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | **वर्ष** | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2011 | 23245 | 9232 | 28666 |
| 2 | 2012 ( मार्च ) | 5935 | 2321 | 6970 |

माह मार्च 2012 में कुल 1972 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 1915 एवं मार्च 2011 में 2006 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह की अपेक्षा वृद्धि एवं मार्च 2011 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में कमी रही है।

राज्य में वर्ष 2012 माह मार्च तक कुल 5935 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 5932 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 3 (0.00 % ) दुर्घटनाओं की वृद्धि रही है।

## घोषित अपराधी / मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन में तालिका **'ड'** पर है।

वर्ष 2012 में अब तक 463 भगौड़े 133 घोषित अपराधी तथा 4311 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से वर्ष 2012 में अब तक 560 भगौड़े, 154 घोषित अपराधी एवं 4809 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

## उपलब्धियाँ माह मार्च– 2012

**दस्यु उन्मूलनः–**

- दिनांक 04.03.2012 को जिला धौलपुर थाना बसईडॉग पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो कुख्यात दस्यु फिरौती के लिए अपहरण की घटना के फिराक में कोटना के जंगल में छिपे होने की सूचना एफडीएफ प्रभारी ने मय पुलिस जाब्ते के चारो तरफ से घेराबन्दी कर बदमाशान को आत्मसर्मपण के लिए ललकारा जिस पर बदमाशान द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे एक सहायक उप निरीक्षक के बॉये हाथ में गोली लगी। लगभग 2 घन्टे की फायरिंग के बाद बदमाशान की तरफ से फायरिंग बन्द होने पर पुलिस टीम सतर्कता पूर्वक नजदीक पहुंची तो मौके पर दो बदमाशान मृत अवस्था में मिले। जिनकी पहचान राजेन्द्र पुत्र रतनसिंह उर्फ रत्नू गुर्जर व रामअख्त्यार उर्फ मोटा पुत्र फतेहसिंह गुर्जर के रूप में हुई । इनके पास से एक रायफल 303 बोर मय 8 कारतूस जिन्दा व 11 कारतूस खाली तथा 2 राईफल 306 बोर मय 89 कारतूस जिन्दा व 28 कारतूस खाली व अन्य 11 कारतूस मिस व टूटे मिले। दस्यु राजेन्द्र गुर्जर पर महानिदेशक पुलिस उत्तरप्रदेश से 50 हजार रूपये, महानिरीक्षक पुलिस ग्वालियर रेंज ग्वालियर से 15 हजार रूपये, महानिरीक्षक पुलिस चम्बल रेंज ग्वालियर से 15 हजार रूपये एवं महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज , भरतपुर से 4000/–रूपये का ईनाम घोषित था तथा रामअख्त्यार की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक धौलपुर से 2000/–रूपये का ईनाम घोषित था।

**डकैतीः–**

- दिनांक 08.03.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना वैशालीनगर पुलिस ने डकैती के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक महिला सहित बिहार निवासी कुल 5 अभियुक्तों के कब्जे से डकैती में चोरी गया मालमसरूका कीमतन 10 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.03.2012 को जिला कोटा ग्रामीण थाना चेचट पुलिस ने दौराने गश्त व चैकिंग बड़ोदिया शराब ठेके के पास डकैती की योजना बनाते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी पिस्टल मय दो कारतूस, एक कुल्हाड़ी, एक छुर्रा, एक रस्सी एवं मिर्च पावडर के पैकेट बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**लूटः–**

- दिनांक 02.03.2012 को जिला डूॅगरपुर थाना कोतवाली पुलिस ने कपड़ों के थोक व्यापारी से 2 अज्ञात मोटरसाईकिल सवार व्यक्तियों ने, कपड़े की उधारी वसूली राशि लगभग 5–6 लाख रूपये लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से लूटी गई राशि 4.42 लाख रूपये नकद, एक मोबाईल, दो सिम, एक कार तथा लूट में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.03.2012 को जिला झुन्झुनू थाना बिसाऊ पुलिस ने मोटरसाईकिल पर सवार दो ज्वेलर्स को एक स्पेंशिया गाड़ी में आये 5 अपराधियों ने रास्ते में ज्वेलर्स को रोककर एक नोकिया मोबाइल, रोड गोल्ड जेवर का मंगल सूत्र, तीन नेकलेस, बिन्दिया व अॅगूठी आदि मय मोटरसाईकिल लूटने के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। शेष तीन अभियुक्तों की तलाश जारी है।
- दिनांक 03.03.2012 को जिला गंगानगर थाना रावला पुलिस ने दिनांक 11.02.2012 को एक ट्रक में 252 बोरिया ग्वार कीमतन 35 लाख रूपये के लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.03.2012 को जिला झुन्झुनू थाना मुकन्दगढ पुलिस ने एक लग्जरी कार में सवार होकर आये युवकों ने पिस्तौल की नोक पर फर्नीचर से भरे ट्रक को लूटने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से एक पिस्तौल मय लूटा गया मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17 व 21.03.2012 को जिला नागौर थाना नागौर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया मालमसरूका एक साईकिल व एक मंगलसूत्र कीमतन 38 हजार रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 21 व 25.03.2012 को जिला जयपुर दक्षिण थाना सांगानेर व मुहाना पुलिस ने लूट की दो वारदातों में 4 अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.03.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करणीविहार पुलिस ने बोलेरो खरीदने के बहाने ऑखों में मिर्च पाउडर डालकर 3 लाख रूपये लूटने के दर्ज अभियोग में केरल निवासी एक अभियुक्त के कब्जे से लूटा गया मालमसरूका बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.03.2012 को जिला बाड़मेर थाना समदड़ी पुलिस ने दो अभियुक्तों द्वारा एक वाहन में सवार परिवार के लोगों को मारपीट कर वाहन से उतारकर वाहन ले जाने के दर्ज अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुए वाहन का पीछा किया। वाहन तेज भगाने से पलटी खाकर गिर गया जिससे लूटा गया वाहन बरामद कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 31.03.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने अज्ञात मुलजिमानों द्वारा ट्रक के ड्राईवर व खलासी के हाथ–पैर बांधकर ट्रक लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**हत्याः–**

- दिनांक 03 व 17.03.2012 को जिला बाड़मेर थाना सदर व नागाणा पुलिस ने हत्या के दो अभियोगों में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.03.2012 को जिला झालावाड़ थाना घाटोली पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.03.2012 को जिला डूॅगरपुर थाना वरदा पुलिस ने पारिवारिक झगड़ा होने पर एक व्यक्ति की हत्या होने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.03.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना चन्देरिया पुलिस ने दिनांक 06.03.2012 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक वृद्धा के पैर काटकर चॉदी की कड़िया लूटने व हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर उसके कब्जे से चॉदी की कडियां करीब दो किलोग्राम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.03.2012 को जिला जयपुर दक्षिण थाना शिवदासपुरा पुलिस ने हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पाईप व सरिये बरामद कर अभियुक्तों गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.03.2012 को जिला कोटा ग्रामीण थाना कैथून पुलिस ने दिनांक 08.03.2012 को दोपहर एक बजे 10–12 व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियारों से लैस होकर मारपीट व चोट पहुंचाने तथा दौराने ईलाज मृत्यु हो जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.03.2012 को जिला सिरोही थाना पिण्डवाड़ा पुलिस ने महिला की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.03.2012 को जिला जैसलमेर थाना सांगड़ पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.03.2012 को जिला जयपुर उत्तर थाना आमेर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.03.2012 को जिला राजसमन्द थाना आमेट पुलिस ने दिनांक 05.08.2007 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में पूर्व में दिये गये नतीजे से रिओपन कर गम्भीरता से अनुसंधान कर एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22 व 27.03.2012 को जिला गंगानगर थाना कोतवाली व पुरानी आबादी पुलिस ने दिनांक 15.03.2012 व 17.11.2011 को हुई हत्या के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

- दिनांक 26.03.2012 को जिला झालावाड़ थाना भालता पुलिस ने दिनांक 20.03.2012 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर कुएं में डालने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.03.2012 को जिला प्रतापगढ थाना प्रतापगढ पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः—**

- दिनांक 01.03.2012 को जिला नागौर थाना नागौर पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा गोदाम में खड़ी बोलेरो चुरा कर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर चुराई गई सम्पति कीमतन 7 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.03.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करधनी पुलिस ने नकबजनी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.03.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सदर पुलिस ने नकबजनी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया बिजली का सामान, चॉदी की थाली व चॉदी सिक्के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**जालीनोटः—**

- दिनांक 29.03.2012 को जिला करौली थाना कैलादेवी पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से 11,200 रूपये के नकली नोट (1000 रूपये का 1 नोट, 500 रूपये के 18 नोट व 100 रूपये के 12 नोट) बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः—**

- दिनांक 14.03.2012 को जिला जयपुर दक्षिण थाना विधायकपुरी पुलिस ने करोडो रूपये की ठगी कर विदेश भागे गोल्डसुख के डायरेक्टर को गिरफ्तार करने हेतु एक विशेष दल दिल्ली होकर वियतनाम पहुंचे तथा दिनांक 19.03.2012 को वियतनाम से कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जयपुर लाया गया।

**ईनामी अभियुक्तः—**

- दिनांक 11.03.2012 को जिला भरतपुर थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर वर्ष 2009 में हत्या के दर्ज अभियोग में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस पर पुलिस अधीक्षक जिला भरतपुर द्वारा 1000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 15.03.2012 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने ईनामी बदमाश रामवीर पुत्र चिमन गुर्जर को एक पौना 315 बोर मय दो कारतूस के गिरफ्तार किया। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा 1000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 18.03.2012 को जिला धौलपुर थाना बाड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक कच्चे मकान के पास 4—5 व्यक्ति बैठे दिखाई दिये जिन्हे पुलिस ने आत्मसर्मपण के लिए ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस पार्टी ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। खेत की फसल में भागने लगे जिनमें से एक बदमाश सम्मोखन पुत्र मातादीन गुर्जर को गिरफ्तार किया। जिसके पासे एक रायफल मार्क—3 जैसी व एक कट्टा 315 बोर मय 4 कारतूस बरामद किये। इस दस्यु की गिरफ्तारी पर महानिदेशक पुलिस भोपाल से 25000/—रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 24.03.2012 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने ईनामी बदमाश रामराज पुत्र किशनसिंह मीणा को गिरफ्तार किया। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा 500/—रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः—**

- दिनांक 01 व 31.03.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना शाहपुरा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 548 कट्टे चीनी एवं 260 एंगल लोहे की बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 02, 03, 06, 23 व 28.03.2012 को जिला सवाईमाधोपुर थाना सदर गंगापुरसिटी, कोतवाली, मानटाउन व बामनवास पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में 9 अभियुक्तों गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 06 व 25.03.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना चौमू, सिन्धी कैम्प व विश्वकर्मा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका, एक दांत बनाने की मशीन, 250 किलोग्राम पिग आयरन, मोबाईल फोन व अन्य सामान तथा 2500/–रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.03.2012 को जिला सिरोही थाना कालन्द्री पुलिस ने एक अभियुक्त को नामजद कर उसके कब्जे से 1,50,000/–रूपये के सोने–चॉदी के जेवरात बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनाक 07, 12, 19 व 23.03.2012 को जिला जीआरपी अजमेर थाना जयपुर, कोटा व सवाई माधोपुर पुलिस ने चलती ट्रेनों व मुसाफिर खाना से चोरी के दर्ज अभियोगों में 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 51100/–रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07, 14, 15 व 19.03.2012 को जिला प्रतापगढ थाना पारसोला व धरियावद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रान्सफार्मरों की चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 6 अभियुक्तों के कब्जे से 39 विद्युत ट्रान्सफार्मर व भारी मात्रा में ताम्बें का तार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.03.2012 को जिला भरतपुर थाना उद्योगनगर पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में एक महिला सहित दो अभियुक्तों के कब्जे से एक सोने की जंजीर मय पेण्डल, सोने का झुमका, 3 सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र मय पेण्डल, एक जोडी झाले, दो चॉदी की कोधनी, 2 जोडी पायजेब, दो जोडी चॉदी की तोड़िया मय चुटकी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.03.2012 को जिला उदयपुर थाना अम्बामाता पुलिस ने एक मकान में नौकर ने काम करते हुए मकान मालिक के 14 तोला सोना एवं 1 लाख रूपये नकद चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक महिला सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मालमसरूका कीमतन 5 लाख रूपये बरामद किया।
- दिनांक 20 व 25.03.2012 को जिला दौसा थाना मण्डावर व बॉदीकुई पुलिस ने चोरी व नकबजनी के दर्ज अभियोगों में दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका एक मोबाइल, एक डीवीडी, 5 चॉदी के सिक्के व दो सोने की अंगूठी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.03.2012 को जिला उदयपुर थाना गोवर्धन विलास पुलिस ने दिनांक 20.03.2012 को चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गई एक चैन बरामद की।
- दिनांक 23.03.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना मोती डूॅगरी पुलिस ने दिनांक 15.03.2012 को मोटरसाईकिल से कार से टक्कर मारकर, दुर्घटना में चोट का बहाना कर कार रूकवाली व कार में बैग में रखे हुए 10 लाख रूपये चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर चुराया गया मालमसरूका बरामद किया।
- दिनांक 26.03.2012 को जिला झालावाड़ थाना कोतवाली पुलिस ने दिनांक 19.03.2012 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेडिकल स्टोर के रोशनदान को तोडकर गल्ले में रखे 40–42 हजार रूपये चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चुराया गया मालमसरूका 42 हजार रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.03.2012 को जिला जैसलमेर थाना जैसलमेर पुलिस ने दिनांक 15.03.2012 की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा गहना व नकदी कीमतन 3.39 हजार रूपये चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चोरी गया मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.03.2012 को जिला चित्तौड़गढ़ थाना मंगलवाड़ पुलिस ने मंगलवाड़ डूॅंगला क्षेत्र में विद्युत ट्रान्सफार्मर से ताम्बा चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वृत्ताधिकारी बड़ी सादड़ी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अभियुक्तों की तलाश की। सूत्र सूचना पर एक वाहन में चोरी किये गये विद्युत ट्रान्सफार्मरों में से ताम्बें की चोरी का सामान वजनी 158 किलोग्राम बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 01, 10, 19 व 21.03.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना वैशालीनगर, सदर व बनीपार्क पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक पीकअप, एक अल्टों कार व दो मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.03.2012 को जिला सवाई माधोपुर थाना कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05 व 17.03.2012 को जिला जैसलमेर थाना नाचना व जैसलमेर पुलिस ने दो वाहनों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर चुराई गई एक टवेरा, एक बोलेरो बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11, 15, 21 व 29.03.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 4 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.03.2012 को जिला बाड़मेर थाना कोतवाली पुलिस ने एक चोरी की टवेरा गाडी पीछा करने पर अभियुक्तों द्वारा पुलिस पर देशी पिस्टल से फायर किया। जिससे एक कानि0 के दाये हाथ पर गोली लगी पुलिस बल ने तुरन्त एक अभियुक्त को पकड़ कर उसके कब्जे से हथियार व चोरी गया वाहन बरामद किया। एक अभियुक्त भागने में सफल हो गया ।
- दिनांक 16, 20, 26 व 28.03.2012 को जिला दौसा थाना मण्डावर, महुवा व लालसोट पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये एक ट्रक, एक जीप व दो मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17, 27 व 28.03.2012 को जिला भरतपुर थाना डीग व हलैना पुलिस ने सूत्र सूचना पर 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 14 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.03.2012 को जिला कोटा ग्रामीण थाना कनवास पुलिस ने दिनांक 19.03.2012 की रात्रि को घर पर खड़े ट्रेक्टर चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी गया मालमसरूका बरामद किया।
- दिनांक 26 व 30.03.2012 को जिला जयपुर उत्तर थाना आमेर, सुभाष चौक व शास्त्रीनगर पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक ट्रेक्टर ट्रोली, एक बोलेरो कार व दो मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.03.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना सांगानेर पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्रों के चुराई गई 25 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः–**

- दिनांक 01,07 व 16.03.2012 को जिला झुन्झुनू थाना सूरजगढ व उदयपुरवाटी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 177 कार्टून व 552 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04 व 08.03.2012 को जिला चित्तौड़गढ़ थाना चन्देरिया व भादसोड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1555 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.03.2012 को जिला टोंक थाना मेहन्दवास पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक रिहायसी मकान की तलाशी में 15 कार्टूनों में 713 पव्वे देशी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07, 17 व 18.03.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना बस्सी व जवाहरनगर पुलिस ने अवैघ रूप से परिवहन करते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से 40 अद्धे अंग्रेजी शराब, 548 पव्वे देशी शराब एवं 85 लीटर हथकड़ शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 07.03.2012 को जिला करौली थाना हिण्डौनसिटी पुलिस ने दौराने गश्त 2 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 35 बोतल बीयर व 30 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.03.2012 को जिला बाड़मेर थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 545 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.03.2012 को जिला सीकर थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन मे अवैध रूप से परिवहन की जा रही 8 कार्टून अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 12.03.2012 को जिला जैसलमेर थाना साकड़ा व नोख पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 980 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.03.2012 को जिला भरतपुर थाना गढीबाजना पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 78 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.03.2012 को जिला बीकानेर थाना नोखा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1440 बोतल, 8160 पव्वे अंग्रेजी शराब तथा 3120 केन बीयर बरामद की।
- दिनांक 24.03.2012 को जिला उदयपुर थाना ऋषभदेव पुलिस ने सूत्र सूचना दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 611 कार्टून हरियाणा निर्मित विभिन्न ब्राण्डों की अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2012 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 1043 प्रकरण दर्ज कर 1048 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 65214 बोतल अंग्रेजी शराब 7603 बोतल देशी शराब 5093 बोतल कच्ची शराब एवं 12215 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह मार्च तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2228 प्रकरण दर्ज कर, 2248 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 293663 बोतल अंग्रेजी शराब, 25577 बोतल देशी शराब, 16120 बोतल कच्ची शराब एवं 62140 बोतल बीयर बरामद की गई।

<u>मादक पदार्थः–</u>

- दिनांक 02, 07 व 10.03.2012 को जिला बारां थाना अटरू, कोतवाली व बापचा पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 500 ग्राम गांजा, 4.500 किलोग्राम अफीम, एक छुर्रा, एक बोलेरो एवं 950 रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.03.2012 को जिला भरतपुर थाना मथुरागेट पुलिस ने सूत्र सूचना पर 3 महिला सहित 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 35 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.03.2012 को जिला टोंक थाना मेहन्दवास पुलिस ने दौराने गश्त पेट्रोल पम्प पर खड़ी एक वाहन को संदिग्ध स्थिति में देखकर तलाशी लेने पर 7 अभियुक्तों के कब्जे से वाहन में रखी 35.325 किलोग्राम अफीम एवं 11.20 लाख रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 10 व 11.03.2012 को जिला चित्तौड़गढ़ थाना बैगू, पारसोली, चित्तौड़गढ, बडीसादड़ी व निम्बाहेड़ा पुलिस ने सूत्र सूचनाओं पर एक खेत व दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 45.320 किलोग्राम अफीम, 800 मिलीग्राम स्मैक एवं 430 पौधे (69 किलोग्राम) गांजा बरामद कर 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.03.2012 को जिला जयपुर दक्षिण थाना श्यामनगर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 15.300 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 06, 18 व 24.03.2012 को जिला बारां थाना कोतवाली व छबड़ा पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 7 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 13.03.2012 को जिला झालावाड़ थाना झावर व भवानीमण्डी पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 7 किलोग्राम अफीम व 100 ग्राम स्मैक बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 11.03.2012 को जिला कोटा ग्रामीण थाना कनवास पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान से 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 10270 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10, 15, 16, 17, 18, 24, 25, 27 व 28.03.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना सदर, चित्तौड़गढ, चन्देरिया, निम्बाहेड़ा, भदेसर, शम्भुपूरा व राशमी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक वाहन सहित 11 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 30.500 किलोग्राम अफीम , 80 किलोग्राम डोडा चूरा, 1 किलोग्राम गांजा व 100 ग्राम ब्राउनशुगर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16 व 19.03.2012 को जिला गंगानगर थाना रायसिंहनगर व पुरानी आबादी पुलिस ने दौराने गश्त 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिहवन की जा रही 1.250 किलोग्राम अफीम व 2 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18 व 20.03.2012 को जिला सीकर थाना रींगस व कोतवाली सीकर पुलिस ने दौराने गश्त दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैघ रूप से परिवहन की जा रही 1.125 किलोग्राम अफीम व 2.400 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.03.2012 को जिला धौलपुर थाना निहालगंज पुलिस ने दौराने गश्त व चैकिंग एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 1 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.03.2012 को जिला प्रतापगढ थाना धरियावद पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 285 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया। अभियुक्त भागने में सफल हो गये।
- माह मार्च 2012 में जिला सिरोही थाना रेवदर ने दौराने नाकाबन्दी एक अभियुक्त के कब्जे से 69.100 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2012 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 108 प्रकरण दर्ज कर, 140 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 1.102 कि.ग्राम स्मैक, 0.017 कि. ग्राम हेरोईन, 0.100किलोग्राम ब्राउनशुगर, 0.000 किग्रा. चरस, 128.449 कि.ग्रा. अफीम, 23.440 कि0ग्रा0 गांजा व 865.100 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह मार्च तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 296 प्रकरण दर्ज कर 357 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.791 कि.ग्रा0 स्मैक, 6.017 कि.ग्राम हेरोईन, 0.825 कि.ग्रा0 चरस, 165.264 कि0ग्रा0 अफीम, 66.671 कि0ग्रा0 गांजा व 25169.677 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**<u>अवैध हथियार :–</u>**

- दिनांक 03 व 20.03.2012 को जिला सीकर थाना रानौली व नेछवा पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से बिना लाईसेन्सी एक टोपीदार बन्दूक व एक पिस्टल मेड इन इटली मय 5 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.03.2012 को जिला झुन्झुनू थाना उदयपुरवाटी पुलिस ने दौराने गश्त व चैकिंग एक वाहन को संदिग्ध अवस्था में पाये जाने पर चालक को रोका तो चालक तेजगति से पुलिस वाहन को क्रोस कर भाग गया जिसका पीछा कर वाहन की तलाशी ली तो ड्राईवर की सीट के नीचे से एक देशी कट्टा, एक देशी

पिस्टल व एक कारतूस डालने का बैल्ट जिसमें 15 जिन्दा कारतूस बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 21.03.2012 को जिला सवाईमाधोपुर थाना बामनवास पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2012 में आर्म्स एक्ट के तहत 474 प्रकरण दर्ज कर 485 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 20 बन्दूकें, 53 रिवाल्वर/कट्टे, 54 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह मार्च तक आर्म्स एक्ट के तहत 1337 प्रकरण दर्ज कर 1353 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 68 बन्दूकें, 188 रिवाल्वर/कट्टे, 252 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

<u>अवैध विस्फोटक :–</u>

- दिनांक 06.03.2012 को जिला प्रतापगढ थाना देवगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 175 गुल्ले बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 26.03.2012 को जिला भरतपुर थाना पहाड़ी व नगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 62 पेटी एक्सप्लोजिव, 225 डेटोनेटर, 375 फुट फ्यूट वायर, 2200 नग जिलेटिन एवं 10 पेटी में अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.03.2012 को जिला कोटा ग्रामीण थाना बपावर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैघ विस्फोटक सामग्री, अमोनियम नाईट्रेट, फ्यूज वायर, ड्रील मशीन व ट्रेक्टर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.03.2012 को जिला सीकर थाना नीमकाथाना पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक ट्रेक्टर मय कम्प्रेसर व ड्रील मशीन, 75 डेटोनेटर, 140 गुल्ले, 31 बण्डल फ्यूज वायर, 50 किलोग्राम अमोनियम नाईट्रेट व एक बण्डल इलेक्ट्रिक वायर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2012 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 40 प्रकरण दर्ज कर 42 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 2796 जिलेटिन, 272 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह मार्च तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 149 प्रकरण दर्ज कर 156 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 9118 जिलेटिन, 3946 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

<u>जुआ/सट्टाः–</u>

- दिनांक 02 व 22.03.2012 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना बीकानेर व जोधपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से 1080/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.03.2012 को जिला टोंक थाना पुरानी टोंक पुलिस ने सार्वजिनक स्थान जुआ खेलते हुए 8 अभियुक्तों के कब्जे से 10,700/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03, 04, 10, 14, 16, 17, 19, 26 व 27.03.2012 को जिला जयपुर उत्तर थाना जालुपुरा, गलतागेट, ब्रह्मपुरी, विद्याधर नगर, नाहरगढ रोड, शास्त्रीनगर व कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 30 अभियुक्तों के कब्जे से 67,320/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 05 व 15.03.2012 को जिला जयपुर दक्षिण थाना ज्योतिनगर व सोडाला पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 13 अभियुक्तों के कब्जे से 5860/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06,19 व 22.03.2012 को जिला डूँगरपुर थाना कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 6180/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07, 08, 17, 20,27 व 28.03.2012 को जिला गंगानगर थाना गंगानगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 32 अभियुक्तों के कब्जे से 3,79,325/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12 व 18.03.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना कानोता व जवाहर नगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 31 अभियुक्तों के कब्जे से 35,391/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16, 18 व 22.03.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना बनीपार्क, सदर, करधनी, झोटवाड़ा, हरमाड़ा, मुरलीपुरा, चौमू, बगरू व विश्वकर्मा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 86 अभियुक्तों के कब्जे से 1,16,500/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.03.2012 को जिला झुन्झुनू थाना बुहाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से 66,400/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.03.2012 को जिला करौली थाना हिण्डौन सिटी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से 64,500/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मार्च 2012 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1400 प्रकरण दर्ज कर, 2619 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 22 लाख 26 हजार 883 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 में माह मार्च तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 4621 प्रकरण दर्ज कर 8801 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 74 लाख 21 हजार 818 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः–**

- दिनांक 04.03.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए बिना लाईसेन्सी 4400 लीटर डीजल बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 07.03.2012 को जिला करौली थाना हिण्डौनसिटी पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से 44 गैस सिलेण्डर जिनमें 10 खाली व 34 भरे हुए बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.03.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक भैसा, 49 भैस, 634 भेड–बकरियों को ठूस–ठूस कर भरे हुए बरामद कर 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18 व 27.03.2012 को जिला करौली थाना नादौती व हिण्डौनसिटी पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 17 बैल, 3 गाय व 2 बछियां बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.03.2012 को जिला उदयपुर थाना झल्लारा पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन कर 4 ट्रकों में 28 बैलों को भरकर गुजरात ले जाते को जब्त कर 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।